**1. वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन 2022-23 के अनुसार निम्नलिखित में से किस जिले में 2019 से 2021 तक वन क्षेत्र में 30% से अधिक की नकारात्मक वृद्धि दर दर्ज की गई?**
(1) अजमेर (2) करौली
**(3) जालौर** (4) बीकानेर
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**2. निम्नलिखित में से किन जिलों के समूह को उनकी औसत वार्षिक वर्षा के अनुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित किया गया है?**
(1) बाड़मेर, बूँदी, सीकर **(2) जोधपुर, राजसमन्द, उदयपुर**
(3) जयपुर, चुरू, अजमेर (4) जोधपुर, उदयपुर, राजसमन्द
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**3. हाड़ौती प्रदेश में प्रधान प्रकार की मृदा है:**
(1) एण्टी सॉइल्स (2) इनसेप्टी सॉइल्स
**(3) वर्टी सॉइल्स** (4) अल्फी सॉइल्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**4. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

| सूची-I (खनिज) | सूची-II (खानें/भण्डार) |
|---|---|
| i. टंग्स्टन | a. आसींद |
| ii. एस्बेस्टॉस | b. नाना कराब |
| iii. फेल्सपार | c. रेवासा |
| iv. मैग्नीज़ | d. लोहरवाड़ा |

**कूट:-**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (1) | b | a | d | c |
| (2) | c | b | d | a |
| **(3)** | **b** | **d** | **a** | **c** |
| (4) | a | b | d | c |

(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**5. निम्नलिखित में से किस झील का क्षेत्रफल संकुचित हो रहा है?**
**(1) बालसमन्द का** (2) तालछापर का
(3) बजाज सागर का (4) भूपाल सागर का
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

**6. लिग्नाइट पर आधारित ताप विद्युत संयंत्र स्थित हैं?**
(1) कवाई तथा दानपुर (2) छाबड़ा तथा सूरतगढ़
(3) गिराल तथा बाँसवाड़ा **(4) गुढ़ा गाँव तथा गिराल**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**7. 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के कौनसे जिलों के युग्म में अनुसूचित जनजाति का उनकी कुल जनसंख्या में न्यूनतम प्रतिशत है?**
(1) हनुमानगढ़, चुरू (2) गंगानगर, नागौर
**(3) बीकानेर, नागौर** (4) बीकानेर, चुरू
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**8. जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित जिलों के लिंगानुपात के आधार पर सही अवरोही क्रम का चयन कीजिए:**
(1) टोंक, दौसा, अलवर, पाली **(2) पाली, टोंक, दौसा, अलवर**
(3) अलवर, पाली, टोंक, दौसा (4) दौसा, अलवर, पाली, टोंक
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**9. निम्नलिखित में से कौनसा वन्यजीव अभयारण्य एक से अधिक जिलों में स्थित है?**
(1) रामसागर वन विहार **(2) टॉडगढ़-रावली**
(3) फुलवाड़ी-की-नाल (4) भैंसरोडगढ़
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**10. राजकिरण और आर.डी. 57 किस फसल की उन्नत किस्में हैं?**
**(1) जौ** (2) चना
(3) बाजरा (4) मक्का
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

**11. निम्न में से राजस्थान के किस जिले में सोने के भण्डार पाये गये हैं?**
(1) झालावाड़ (2) अजमेर
(3) सिरोही **(4) बाँसवाड़ा**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:**
**(A) चम्बल परियोजना मध्य प्रदेश तथा राजस्थान का संयुक्त उद्यम है।**
**(B) गाँधी सागर बाँध का निर्माण प्रथम चरण में हुआ।**
**(C) जवाहर सागर बाँध का निर्माण द्वितीय चरण में हुआ।**
**कूट:-**
**(1) केवल (A) तथा (B) सही हैं।**
(2) केवल (B) तथा (C) सही हैं।
(3) केवल (A) तथा (C) सही हैं।
(4) (A), (B) तथा (C) सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

**13. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

| सूची-I (सीमेण्ट उद्योग) | सूची II (स्थान) |
|---|---|
| A. जे.के. सीमेण्ट | i. मोडक |
| B. बिरला सीमेण्ट | ii. पिण्डवाड़ा |
| C. बिनानी सीमेण्ट | iii. चितौड़गढ़ |
| D. नीर श्री सीमेण्ट | iv. निम्बाहेडा |

**कूट:-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | ii | i | iii |
| **(2)** | **iv** | **iii** | **ii** | **i** |
| (3) | iii | i | iv | ii |
| (4) | i | ii | iii | iv |

(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**14. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

| सूची-I (नस्ल) | सूची - II (पशु) |
|---|---|
| i. सूरती | a. बकरी |
| ii. मगरा | b. भेड़ |
| iii. बरबरी | c. गोवंश |
| iv. मालवी | d. भैंस |

**कूट:-**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (1) | c | b | a | d |
| **(2)** | **d** | **b** | **a** | **c** |
| (3) | d | b | c | a |
| (4) | b | d | a | c |

(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**15. राजस्थान सरकार ने जलवायु परिवर्तन नीति की शुरुआत की-**
(1) 2010 (2) 2021
(3) 2018 **(4) 2023**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**16. लूनी नदी में जल प्रदूषण का मुख्य कारण है-**
(1) उर्वरक उद्योग
(2) सीमेण्ट उद्योग इकाइयाँ
**(3) वस्त्रों की रंगाई और छपाई इकाइयाँ**
(4) रसायन उद्योग
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**17. निम्नांकित वाक्यों पर विचार कीजिए:**
**I. राजस्थान में पहला राष्ट्रपति शासन 13.03.1967 से 26.04.1967 तक लागू रहा।**
**II. यह राष्ट्रपति शासन संविधान के अनुच्छेद 352 के अंतर्गत राजस्थान में राजनीतिक अस्थिरता के कारण लगाया गया।**
**III. मार्च, 1967 में राज्यपाल हुकुमसिंह ने राजस्थान में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए राष्ट्रपति को सलाह भेजी।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए:**
(1) केवल II सही है। **(2) केवल I सही है।**
(3) केवल III सही है। (4) केवल I तथा II सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**18. कुलाधिपति द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए निम्न में से किस राज्य पोषित विश्वविद्यालय को 'सर्वोत्तम विश्वविद्यालय कुलाधिपति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है?**
(1) वर्द्धमान महावीर कोटा खुला विश्वविद्यालय, कोटा
(2) एम.डी.एस. विश्वविद्यालय, अजमेर
(3) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर
**(4) महाराणा प्रताप कृषि एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, उदयपुर**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**19. राजस्थान में मरुस्थलीकरण का कौनसा कारण नहीं है?**
**(1) नहरी सिंचाई**
(2) भूमि उपयोग परिवर्तन
(3) अतिचारण
(4) बालू एवं बालूका-स्तूपों का का एकत्र होना
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

**20. निम्नांकित में से कौनसा कथन गलत है?**
(1) कमला बेनीवाल राजस्थान की पहली महिला मंत्री थी।
**(2) 91वें संवैधानिक संशोधन के बाद, राजस्थान के मंत्रीपरिषद में कुल महिला मंत्रियों की संख्या मुख्यमंत्री सहित सात से कम नहीं होगी।**
(3) 91वें संवैधानिक संशोधन के बाद, राजस्थान के मंत्रीपरिषद में कुल मंत्रियों की संख्या मुख्यमंत्री सहित बारह से कम नहीं होगी।
(4) 91वें संवैधानिक संशोधन के बाद, राजस्थान के मंत्रीपरिषद में कुल मंत्रियों की संख्या मुख्यमंत्री सहित तीस से अधिक नहीं होगी।
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**21. राजस्थान में विधान-सभा निर्वाचन क्षेत्रों के बारे में निम्नांकित में से कौनसा एक कथन सही नहीं है?**
(1) 1952 में राजस्थान विधान-सभा की कुल सदस्य संख्या 160 थी।
**(2) राजस्थान राज्य विधान-सभा के लिए कुल निर्वाचन क्षेत्रों की वर्तमान संख्या का निर्धारण 2001 की जनगणना के आधार पर हुआ है।**
(3) 2026 तक राजस्थान राज्य विधान-सभा के लिए कुल निर्वाचन-क्षेत्र 200 ही रहेंगे।
(4) राजस्थान राज्य विधान-सभा के लिए कुल निर्वाचन क्षेत्र 200 हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**22. निम्नांकित मुख्यमंत्रियों में से किस मुख्यमंत्री ने राजस्थान में राष्ट्रपति शासन के कारण सबसे ज्यादा बार अपने मंत्रीपरिषद की बर्खास्तगी देखी है?**
(1) अशोक गहलोत (2) हरिदेव जोशी
**(3) भैरोंसिंह शेखावत** (4) मोहनलाल सुखाड़िया
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**23. निम्नांकित में से किसने 29 अगस्त, 1949 को राजस्थान उच्च न्यायालय के उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता की थी?**
(1) श्री जय नारायण व्यास
(2) राजप्रमुख महाराजा सवाई मान सिंह
(3) माननीय न्यायमूर्ति जवान सिंह राणावत
**(4) माननीय न्यायमूर्ति कमल कांत वर्मा**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**24. राजस्थान उच्च न्यायालय के प्रथम और नवीनतम मुख्य न्यायाधीश कौन हैं जिन्हें भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर आसीन किया गया है?**
**(1) न्यायाधीश के.एन. वाँचू और न्यायाधीश अगस्टाइन जॉर्ज मसीह**
(2) न्यायाधीश पी.एन. सिंघल और न्यायाधीश पंकज मित्थल
(3) न्यायाधीश जे.एस. वर्मा और न्यायाधीश पंकज मित्थल
(4) न्यायाधीश पी. एन. सिंघल और न्यायाधीश नवीन सिन्हा
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

**25. निम्नांकित में से कौन राजस्थान राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नहीं रही हैं?**
(1) लाड कुमारी जैन (2) सुमन शर्मा
**(3) नगेंद्र बाला** (4) पवन सुराणा
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**26. राज्य वित्त आयोग, राजस्थान के अध्यक्ष एवम् उनके आवंटित कार्यकाल के संबंध में निम्नांकित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?**

| **(अध्यक्ष, राज्य वित्त आयोग)** | **(आवंटित कालावधि)** |
|---|---|
| (1) प्रद्युम्न सिंह | 2020-2021 से 2024-2025 |
| **(2) ज्योति किरण** | **2010-2011 से 2014-2015** |
| (3) माणिक चंद सुराणा | 2005-2006 से 2009-2010 |
| (4) हीरालाल देवपुरा | 2000-2001 से 2004-2005 |

(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**27. 2023 तक राजस्थान विधान-सभा, अपना पूर्ण कार्यकाल पूरा करने से पूर्व ही आदिनांक कितनी बार भंग की गई है?**
(1) चार बार (2) तीन बार
(3) दो बार **(4) एक बार**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**28. राज्य चुनाव आयोग द्वारा अक्टूबर-दिसम्बर 2020 में राजस्थान के कितने जिलों में पंचायती राज संस्थाओं के 11वें आम चुनावों को आयोजित किया गया था?**
**(1) 21 जिले** (2) 20 जिले
(3) 19 जिले (4) 18 जिले
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

**29. राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अधिनियम किस दिनांक उपरांत लागू हुए?**
(1) 19 जून, 2001 से (2) 19 अगस्त, 2001 से
(3) 19 जनवरी, 2001 से **(4) 19 मार्च, 2000 से**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**30. निम्नांकित में से कौनसा एक कथन सही नहीं है?**
(1) बीकानेर राज्य का 1928 से भी पहले का स्वयं का ग्राम पंचायत अधिनियम था।
(2) राजस्थान पंचायत समिति तथा जिला परिषद अधिनियम, 1959 के अंतर्गत पहले चुनाव सितम्बर-अक्टूबर, 1959 में आयोजित हुए।
(3) पंचायतीराज व्यवस्था का देश में उद्घाटन सर्वप्रथम तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा 2 अक्टूबर, 1959 को नागौर, राजस्थान में किया गया।
**(4) 1952 में राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम लागू हुआ और पूरे राज्य में ग्राम पंचायतें स्थापित की गईं।**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**31. राजस्थान रियल एस्टेट रेग्यूलेट्री ऑथोरिटी (राज. रेरा) का गठन किस वर्ष में किया गया?**
(1) 2016 (2) 2017
(3) 2018 **(4) 2019**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**32. निम्नांकित में से किसका कार्यकाल राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के रूप में सबसे लंबा रहा है?**
(1) जे.एम. खान (2) सी.आर. चौधरी
(3) एल.एल. जोशी **(4) डी.एस. तिवारी**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**33. राजस्थान के निम्नांकित मुख्य सचिवों में से किस एक ने अशोक गहलोत के मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में कभी भी मुख्य सचिव के रूप में कार्य नहीं किया?**
(1) निहाल चंद गोयल **(2) सी.एस. राजन**
(3) आर.के. नैयर (4) अरुण कुमार
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**34. जन सूचना पोर्टल के संबंध में त्रुटिपूर्ण कथन को पहचानिए:**
(1) यह सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंधित सूचना प्रदान करता है।
(2) ई-मित्र पर इसके माध्यम से सूचना प्राप्त करने का कोई शुल्क वसूला नहीं जाता है।
**(3) इससे सूचना पाने के लिए एसएसओ आईडी आवश्यक है।**
(4) यह आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 4(2) के अंतर्गत माँगी गई सूचना प्रदान करने का एक प्रयास है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**35. सामाजिक अंकेक्षण, उत्तरदायित्व और पारदर्शिता सोसाइटी, राजस्थान का गठन कब किया गया?**
(1) 2020 **(2) 2019**
(3) 2018 (4) 2011
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**36. राजस्थान राज्य महिला आयोग अधिनियम, 1999 की कौनसी धारा में आयोग के कार्य उल्लेखित हैं?**
(1) धारा 13 में (2) धारा 12 में
**(3) धारा 11 में** (4) धारा 10 में
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**37. कृषि गणना 2015-16 के अनुसार, राजस्थान में परिचालित भूमि जोतों का औसत आकार था?**
(1) 2.28 हेक्टेयर **(2) 2.73 हेक्टेयर**
(3) 3.87 हेक्टेयर (4) 4.5 हेक्टेयर
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**38. राजस्थान में पेट्रोलियम उत्पादक क्षेत्र कितने जिलों में फैला हुआ है?**
**(1) 14 जिलों में** (2) 10 जिलों में
(3) 8 जिलों में (4) 6 जिलों में
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

**39. निम्नांकित वाक्यों पर विचार कीजिए:**
**I. राजस्थान लोक सेवा के प्रदान की गारण्टी अधिनियम, 2011 उपबंधित करता है कि प्रथम अपील अधिकारी के निर्णय के विरुद्ध, निर्णय के तीस दिनों के भीतर द्वितीय अपील अधिकारी के पास दूसरी अपील की जा सकती है।**
**II. राजस्थान लोक सेवा के प्रदान की गारण्टी अधिनियम, 2011 उपबंधित करता है कि द्वितीय अपील अधिकारी तीस दिन के बाद भी अपील ले सकता है यदि वह संतुष्ट हो जाता है कि आवेदक के समय पर अपील नहीं कर पाने के पर्याप्त कारण हैं।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए:**
**(1) I सही नहीं है, किन्तु II सही है।**
(2) I सही है, किन्तु II सही नहीं है।
(3) I तथा II दोनों सही नहीं हैं।
(4) I तथा II दोनों सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

**40. वर्ष 2022-23 के अग्रिम अनुमानों के आधार पर, राजस्थान में स्थिर कीमतों पर सकल राज्य मूल्यवर्धन में कृषि क्षेत्र का योगदान रहने की सम्भावना है?**
(1) 25.5 प्रतिशत **(2) 28.5 प्रतिशत**
(3) 30.0 प्रतिशत (4) 32.0 प्रतिशत
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**41. राजस्थान में 2011-12 से 2022-23 की अवधि के दौरान कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र की स्थिर मूल्यों पर सकल राज्य मूल्यवर्धन में चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर कितनी रही?**
(1) 4.5 प्रतिशत **(2) 5.24 प्रतिशत**
(3) 5.92 प्रतिशत (4) 6.54 प्रतिशत
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**42. राजस्थान में निम्न में से कौनसी रबी मौसम की तिलहन फसलें हैं?**
**(1) सरसों, तारामीरा एवं अलसी**
(2) तिल, सोयाबीन, अरण्डी व मूँगफली
(3) सोयाबीन, सरसों एवं अरण्डी
(4) सरसों, मूँगफली, तिल एवं अलसी
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

**43. राज्य के आर्थिक-वित्तीय परिदृश्य में सुधार के लिये थिंक टैंक के रूप में कार्य करने हेतु राजस्थान में निम्न में से कौनसी परिषद / समिति का गठन किया गया है?**
(1) मुख्यमन्त्री की आर्थिक आयोजना समिति
(2) मुख्यमन्त्री उच्च शक्ति आर्थिक सुधार समिति
**(3) मुख्यमन्त्री राजस्थान आर्थिक सुधार सलाहकार परिषद**
(4) राजस्थान आर्थिक विकास समिति
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**44. राजस्थान में अटल भूजल योजना का उद्देश्य क्या नहर परियोजना में?**
(1) राजस्थान में इन्दिरा गाँधी जलभराव और लवणता की समस्या का समाधान करना।
(2) राजस्थान में सिंचाई के लिये जल की उपलब्धता में वृद्धि करना।
(3) राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेय जल उपलब्ध करवाना।
**(4) भूजल के बेहतर प्रबन्धन के साथ साथ इसके घटते स्तर को रोकना।**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**45. निम्न में से किस वर्ष में राजस्थान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम नीति शुरू की गई?**
**(1) 2022** (2) 2021
(3) 2020 (4) 2019
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

**46. राजस्थान के शहरी गरीब और कमजोर तबके के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली प्राथमिक स्वास्थ्य सेवायें निम्न में से किसके द्वारा प्रदान की जा रही है?**
(1) स्वास्थ्य मित्र
(2) मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
(3) आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र
**(4) जनता क्लिनिक**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**47. मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्वरोज़गार योजना के सम्बन्ध में निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है?**
(1) इस बोजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 में 498 व्यक्ति लाभान्वित हुए।
(2) इस योजनान्तर्गत, वर्ष 2022-23 में (माह दिसम्बर, 2022 तक) ₹ 250.14 लाख व्यय हुए।
**(3) ऋण उन विशेष योग्यजनों को दिया जाता है, जिनकी स्वयं एवं परिवार की सभी स्रोतों से बार्षिक आय ₹ 5 लाख से कम है।**
(4) इस योजना में विशेष योग्यजन को ₹ 5 लाख तक का ऋण दिया जाता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**48. 'स्टार्स' एक विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित परियोजना है जिसे राजस्थान में क्रियान्वित किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य है-**
(1) इन्जीनियरिंग कॉलेजों की गुणवत्ता और प्रशासन में सुधार करना।
**(2) स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता और प्रशासन में सुधार करना।**
(3) राज्य में सूचना तकनीक क्षेत्र को मजबूत बनाना।
(4) नये उद्यमियों को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करना।
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**49. राजस्थान की मिड-डे मील योजना के बारे में निम्न में से कौनसा सही है?**
(1) इस योजना के अन्तर्गत कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को प्रति विद्यार्थी प्रतिदिन 100 ग्राम गेहूँ चावल दिया जा रहा है।
(2) इस योजना के अन्तर्गत कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को दिये जाने वाले भोजन में न्यूनतम 550 कैलोरी और 15 ग्राम प्रोटीन होता है।
(3) इस योजना के अन्तर्गत कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को दिये जाने वाले भोजन में न्यूनतम 600 कैलोरी और 18 ग्राम प्रोटीन होता है।
**(4) इस योजना के अन्तर्गत कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को दिये जाने वाले भोजन में न्यूनतम 450 कैलोरी और 12 ग्राम प्रोटीन होता है।**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**50. स्टैण्ड अप इंडिया योजना में परिकल्पना की गई है कि-**
(1) राजस्थान में नये उद्यमियों को तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण प्रदान किया जाये।
**(2) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा महिला उद्यमियों में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित किया जाये।**
(3) उद्यमियों को दीर्घकाल के लिये रियायती वित्त पोषण किया जाये।
(4) स्टार्ट-अप के लिये ब्याज मुक्त ऋण दिये जाये।
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**51. राजीव गाँधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना के बारे में निम्न में से कौनसा/से कथन सही है/हैं?**
**(a) इस योजना के तहत प्रति वर्ष 200 मेधावी छात्रों को विश्व के शीर्ष 250 विश्वविद्यालयों / संस्थानों में पढ़ने के लिये प्रायोजित किया जाता है।**
**(b) संपूर्ण शिक्षा शुल्क और अन्य खर्च राजस्थान सरकार द्वारा वहन किया जाता है।**
**नीचे दिये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये:**
(1) ना तो (a) और ना ही (b) सही है।
(2) (a) और (b) दोनों सत्य हैं।
**(3) केवल (b) सत्य है।**
(4) केवल (a) सत्य है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**52. राजस्थान में कुल चार जिलों को शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन के लिये चयनित किया गया है। ये जिले हैं -**
(1) अलवर, भरतपुर, धौलपुर, सिरोही
(2) जयपुर, अजमेर, सीकर, कोटा
(3) जयपुर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर
**(4) अजमेर, धौलपुर, जैसलमेर और सिरोही**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**53. दिल्ली-वडोदरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे की लम्बाई राजस्थान में कितनी है?**
(1)342 किलोमीटर **(2) 374 किलोमीटर**
(3) 408 किलोमीटर (4) 456 किलोमीटर
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**54. नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत राजस्थान में निजी विद्यालयों में कमजोर वर्ग और वंचित वर्ग के बालकों/बालिकाओं के लिये कितनी सीटें आरक्षित की गई हैं?**
**(1) 25 प्रतिशत** (2) 20 प्रतिशत
(3) 15 प्रतिशत (4) 10 प्रतिशत
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

**55. राजस्थान में मुख्यमन्त्री वृद्धावस्था सम्मान पेन्शन योजना के अन्तर्गत 55 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलायें और 58 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुष पेन्शन प्राप्त करते हैं-**
(1) ₹ 1,500 प्रति माह
(2) ₹ 1,250 प्रति माह
**(3) 75 वर्ष की आयु तक ₹ 1,000 प्रति माह**
(4) 75 वर्ष की आयु तक ₹ 750 प्रति माह
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**56. राजस्थान में 'एक जिला-एक उत्पाद' की शुरुआत के उद्देश्य के सम्बन्ध में निम्न में से कौनसा/से कथन सत्य है/हैं?**
**(a) निर्यात क्षमता वाले उत्पादों और सेवाओं की पहचानकर उन्हें बढ़ावा देना।**
**(b) राजस्थान के हर जिले को एक संभावित निर्यात केन्द्र के रूप में परिवर्तित करना।**
**नीचे दिये गए कूटों का प्रयोग करके सही उत्तर का चुनाव कीजिये:**
(1) ना तो (a) और ना ही (b) सत्य है।
**(2) (a) और (b) दोनों सत्य हैं।**
(3) केवल (b) सत्य है।
(4) केवल (a) सत्य है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**57. निम्न में से कौनसा/से कथन सत्य है/है?**
**(a) राजस्थान हस्तशिल्प नीति 17 सितम्बर, 2022 से लागू की गई।**
**(b) इस नीति का उद्देश्य राज्य के हस्तशिल्पियों और बुनकरों को उन्नत तकनीक और आवश्यक वित्तीय और विपणन सहायता प्रदान कर प्रोत्साहित करना है।**
**नीचे दिये गये कूटों की मदद से सही उत्तर को चुनिये:**
(1) ना तो (a) और ना ही (b) सत्य है।
**(2) (a) और (b) दोनों सत्य हैं।**
(3) केवल (b) सत्य है।
(4) केबल (a) सत्य है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**58. राजस्थान के छठे राज्य वित्त आयोग के बारे में निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है?**
**(1) आयोग का गठन दिसंबर, 2020 में संविधान के अनुच्छेद 243 के तहत किया गया था।**
(2) अशोक लाहोटी आयोग के सदस्य थे।
(3) आयोग के अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह थे।
(4) अंतिम रिपोर्ट सितंबर, 2023 में राजस्थान के राज्यपाल को प्रस्तुत की गई।
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

**59. हाल ही में जैसलमेर के निकट वैज्ञानिकों ने दुनिया का सबसे पुराना शाकाहारी डायनासोर का जीवाश्म ढूँढा है। वह जीवाश्म लगभग कितने वर्ष पुराना है?**
(1) 17.7 करोड़ वर्ष **(2) 16.7 करोड़ वर्ष**
(3) 15.7 करोड़ वर्ष (4) 14.7 करोड़ वर्ष
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

60. 9वाँ राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्रीय सम्मेलन उदयपुर में कब आयोजित किया गया था?
(1) 21 से 22 सितंबर, 2023 (2) 11 से 12 सितंबर, 2023
**(3) 21 से 22 अगस्त, 2023** (4) 11 से 12 अगस्त, 2023
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

61. राजस्थान पर्यटन प्रोत्साहन नीति, 2022 के अन्तर्गत देशी व विदेशी फिल्म निर्माताओं को कितनी धनराशि की सब्सिडी का प्रावधान किया गया है?
(1) ₹ 8 करोड़ तक (2) ₹ 6 करोड़ तक
(3) ₹ 4 करोड़ तक **(4) ₹ 2 करोड़ तक**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

62. 25 सितम्बर, 2023 को प्रधानमंत्री ने किन दो स्टेशनों के बीच चलने वाली राजस्थान की तीसरी वंदे भारत ट्रेन को आभासी तौर पर हरी झंडी दिखाई?
(1) उदयपुर से दिल्ली **(2) जयपुर से उदयपुर**
(3) जोधपुर से उदयपुर (4) जयपुर से जोधपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

63. हाल ही में राजस्थान सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन नीति, 2023 को मंजूरी दी है। राज्य सरकार ने किस वर्ष तक 2000 kT प्रति वर्ष ऊर्जा उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है?
(1) 2047 (2) 2040
(3) 2035 **(4) 2030**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

64. जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2023 में किस प्रख्यात कवि-आलोचक को महाकवि कन्हैयालाल सेठिया पुरस्कार दिया गया?
(1) मुश्ताक अहमद युसूफी **(2) के. सच्चिदानंदन**
(3) रास चुग्ताई (4) कृष्ण चंदर
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

65. हाल ही में राजस्थान साहित्य अकादमी ने वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा की है। इन पुरस्कारों में मीरा पुरस्कार किसे दिया गया है?
(1) रोचिका अरुण शर्मा (2) रास बिहारी गौड़
(3) हरीश बी. शर्मा **(4) रत्नकुमार सांभरिया**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

66. हाल ही में भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री ने राजस्थान की कशीदाकारी शिल्प को भौगोलिक संकेत (जी.आई. टैग) प्रदान किया है। यह शिल्प किस स्थान का प्रसिद्ध है?
(1) चुरू **(2) बीकानेर**
(3) कोटा (4) जालौर
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

67. राज्य में पुराने और बड़े पेड़ों के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये राजस्थान राज्य जैव-विविधता बोर्ड ने कौनसी फोटोग्राफी प्रतियोगिता शुरू की है?
(1) राजस्थान राज्य वृक्षमित्र प्रतियोगिता
(2) राजस्थान राज्य विराट वृक्ष प्रतियोगिता
**(3) राजस्थान राज्य महावृक्ष प्रतियोगिता**
(4) राजस्थान राज्य कायाकल्प प्रतियोगिता
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

68. राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए 'सूर्यमल्ल मीसण शिखर पुरस्कार' किसे दिया जाएगा?
(1) गणेशीलाल व्यास **(2) डॉ. मनमोहन सिंह यादव**
(3) मालचंद तिवाड़ी (4) मूलचंद लोढ़ा
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

69. निम्न में से किसने मिस अर्थ इंडिया 2023 का खिताब जीता?
(1) इंदिरा अरोड़ा **(2) प्रियन सेन**
(3) मेघा शर्मा (4) प्रियांशी चौधरी
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

70. राजस्थान का पहला इंटीग्रेटेड रिसोर्स रिकवरी पार्क कहाँ विकसित किया जा रहा है जहाँ इलेक्ट्रॉनिक कचरे का पुनर्चक्रण, नवीनीकरण और निराकरण किया जायेगा?
(1) हरसोली, जैतारण (2) चोखा, सरदारपुरा
(3) लाल ढ़ाणी, कल्याणपुरा **(4) थोलाई, जमवारामगढ़**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

71. राजस्थान पुलिस की चार महिला पुलिस अधिकारी हाल ही में चीन में आयोजित एशियन खेलों में महिला कबड्डी में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थीं। निम्न में से कौन उनमें से एक नहीं है?
**(1) स्नेहल राठौड़** (2) मुस्कान मलिक
(3) साक्षी कुमारी (4) निधि शर्मा
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

72. राजस्थान संस्कृत अकादमी ने डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा को किस ग्रंथ के लिये अखिल भारतीय माघ पुरस्कार प्रदान किया?
(1) नभ स्पृशं दीप्तम (2) धर्मशास्त्र पौराहित्य
(3) आयुर्वेदीय कथाष्टकम **(4) गोपांगना वैभवम**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

73. राजस्थान के किन दो जिलों में पहली बार जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया?
(1) जोधपुर और कोटा (2) उदयपुर और बीकानेर
**(3) जयपुर और जोधपुर** (4) कोटा और अजमेर
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

74. अवनि लेखरा ने मई 2023 में कोरिया के चांगवोन इंटरनेशनल शूटिंग रेंज में विश्व शूटिंग पैरास्पोर्ट्स विश्व कप में कौनसा पदक जीता?
(1) कोई पदक नहीं (2) स्वर्ण
**(3) रजत** (4) कांस्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

75. तीसरी नेशनल फिज़िकल डिसअबिलिटी टी-20 क्रिकेट चैम्पियनशिप कहाँ आयोजित की गई थी?
(1) जैसलमेर **(2) उदयपुर**
(3) अजमेर (4) अलवर
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

76. हाल ही में रियाद में आयोजित पहले अंतर्राष्ट्रीय सऊदी घुड़सवारी फेडरेशन कप में किस खिलाड़ी ने तीन पदक जीते?
(1) अंजलि शेखावत (2) रिदम सांगवान
(3) अर्शदीप कौर **(4) दिव्यकृति सिंह**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

77. राजस्थान की मानिनी कौशिक ने सिफ्ट सामरा और आशी चौकसी के साथ हांगझाऊ एशियन खेल 2023 में 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन टीम इवेंट में रजत पदक जीता है। इस पदक को जीतने के लिए उनका संयुक्त योग्यता स्कोर क्या था?
(1) 1770 पॉइण्ट **(2) 1764 पॉइण्ट**
(3) 1760 पॉइण्ट (4) 1750 पॉइण्ट
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

78. अलाउद्दीन खिलजी की सेना द्वारा रणथम्भोर के किले की घेराबन्दी के समय उसका कौनसा सेनापति राव हम्मीर देव के सैनिकों द्वारा मारा गया?
(1) मोहम्मद खाँ (2) नासिर खाँ
(3) उलुग खाँ **(4) नुसरत खाँ**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

79. कछवाहा वंश के निम्नलिखित शासकों को कालक्रमानुसार (पहले से बाद तक) व्यवस्थित कीजिए:
i. सवाई जयसिंह तृतीय ii. सवाई जगत सिंह
iii. सवाई माधो सिंह द्वितीय iv. सवाई राम सिंह द्वितीय
(1) ii, iii, iv, i (2) i, iii, ii, iv
(3) i, ii, iii, iv **(4) ii, i, iv, iii**

(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**80. अकबर ने प्रताप से समझौते के प्रयास में चार शिष्टमण्डल भेजें। निम्न में से किसने शिष्टमण्डल का नेतृत्व नहीं किया?**
**(1) अबुल फ़ज़ल** (2) टोडरमल
(3) भगवान दास (4) जलाल खान
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

**81. ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में 'बुलन्द दरवाजे' का निर्माण किसने करवाया?**
(1) अकबर (2) ग्यासुद्दीन खिलजी
**(3) सुल्तान महमूद खिलजी** (4) शाहजहाँ
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**82. बागोर के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िये:**
**(i) बागोर से लघुपाषाणोपकरण पुरातत्त्व सामग्री प्राप्त हुई है।**
**(ii) डॉ. एल. एस. लेशनि एवं पूना विश्वविद्यालय के सहयोग से यहाँ उत्खनन कार्य सम्पादित किया है।**
**(1) (i) और (ii) दोनों गलत हैं।** (2) (i) और (ii) दोनों सही हैं।
(3) केवल (ii) सही है। (4) केवल (i) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

**83. सुमेलित कीजिए:**

| रचना | रचनाकार |
|---|---|
| A. पाबूजी के छन्द | i. आसिया मोदजी |
| B. पाबूजी के गीत | ii. रामनाथ |
| C. पाबूजी के सोरठे | iii. मेहा चारण |
| D. पाबू प्रकाश | iv. बांकीदास |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | ii | iv | i |
| (2) | iv | ii | iii | i |
| (3) | ii | iii | iv | i |
| **(4)** | **iii** | **iv** | **ii** | **i** |

(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**84. निम्न में से कौनसी दादूपंथ की शाखा नहीं है?**
**(1) थाम्भा** (2) नागा
(3) विरक्त (4) खालसा
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

**85. 1857 ई. में राजपूताना की छः ब्रिटिश छावनियों में से कौन सी सबसे शक्तिशाली छावनी थी?**
**(1) नसीराबाद** (2) एरिनपुरा
(3) नीमच (4) खैरवाड़ा
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

**86. 1897 ई. में बिजौलियाँ के किसानों ने (जो गिरधरपुरा गाँव में एकत्रित थे) निम्न में से किन्हें महाराणा से मिलने के लिए उदयपुर भेजा?**
(1) हीरालाल और तेज सिंह
**(2) नानजी पटेल और ठाकरी पटेल**
(3) सीतारामदास और हीरालाल
(4) ब्रह्मदेव और फतहकरण चारण
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**87. 1516 ई. में मीरा का विवाह______ से हुआ।**
(1) वीरमदेव (2) विक्रमादित्य
**(3) भोजराज** (4) रतन सिंह
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**88. ___________एक लोहे और चमड़े से बना वाद्य है जो मन्दिरों में प्रार्थना के समय तथा त्योहारों और धार्मिक उत्सवों के समय बजाया जाता है।**
(1) सारंगी (2) तबला
(3) सितार **(4) नौबत**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**89. 'बेसर' और 'भंवरकड़ी' नामक आभूषण महिलाओं द्वारा ................. में पहना जाता है।**
(1) पैर (2) हाथ
**(3) नाक** (4) गले

(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**90. कौनसे शहर 'गोल्डन ट्राइंगल' के अन्तर्गत आते हैं?**
(1) जयपुर - जोधपुर - कोटा
(2) जयपुर - जोधपुर- उदयपुर
(3) दिल्ली - वाराणसी - जयपुर
**(4) दिल्ली - आगरा - जयपुर**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**91. चित्रकार निहालचंद ............ से सम्बन्धित था।**
(1) ढूँढाड़ स्कूल **(2) किशनगढ़ स्कूल**
(3) मेवाड़ स्कूल (4) हाड़ौती स्कूल
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**92. दादूपंथ का अधिकांश साहित्य किस बोली में लिपिबद्ध है?**
(1) मेवाती **(2) ढूँढाड़ी**
(3) मेवाड़ी (4) बागड़ी
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**93. 1933 ई. में कलकत्ता में आयोजित अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की?**
(1) अंजनी देवी (2) जानकी देवी बजाज
**(3) रतन शास्त्री** (4) गायत्री देवी
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**94. मारवाड़ क्षेत्र का लोकप्रिय त्योहार घुड़ला मनाया जाता है**
(1) श्रावण कृष्ण अष्टमी से श्रावण शुक्ल तृतीया तक
(2) भाद्रपद कृष्ण अष्टमी से भाद्रपद शुक्ल तृतीया तर्क
(3) कार्तिक कृष्ण अष्टमी से कार्तिक शुक्ल तृतीया तक
**(4) चैत्र कृष्ण अष्टमी से चैत्र शुक्ल तृतीया तक।**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**95. 'लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इण्डिया' किसके द्वारा 1912 ई. में लिखा गया?**
(1) एल.पी. टेस्सीटोरी (2) कन्हैयालाल मुंशी
(3) मोतीलाल मेनारिया **(4) जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]



**96. राजस्थानी भाषा में मुड़िया लिपि को और किस नाम से जाना जाता है?**
(1) ब्रज (2) देवनागरी
**(3) महाजनी** (4) मारवाडी
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**97. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिये:**
**A. कुम्भलगढ़ भौरट के पठार का सर्वोच्च बिन्दु है।**
**B. रघुनाथगढ़ उत्तरी अरावली का सर्वोच्च शिखर है।**
**C. उड़िया पठार माउण्ट आबू के निकट स्थित है।**
**कूट:-**
(1) A और C **(2) B और C**
(3) A और B (4) A, B और C
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**98. किस भू-आकृतिक प्रदेश में नरसिंहपुर पहाड़ और हिंगलाज-का-मगरा स्थित हैं?**
(1) माही बेसिन **(2) लूनी बेसिन**
(3) बनास बेसिन (4) चम्बल बेसिन
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**99. हथमति, मेश्वा और माजम सहायक नदियाँ हैं:**
(1) कालीसिन्ध की (3) माही की
(2) बनास की **(4) साबरमती की**
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**100. 'अचलदास खीची री वचनिका' नामक ग्रन्थ का रचयिता था -**
**(1) शिवदास गाडण** (2) कविया करणीदान
(3) दयालदास (4) बांकीदास
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

